दैनिक भास्कर

# कार्रवाई:56 हजार के नकली नोट और छपाई मशीन के साथ तीन गिरफ्तार, चलते वाहन में ही छाप लेते थे नोट



नकली नोटों के साथ पकड़े आरोपी व बरामद नकली नोट।

- पुलिस से बचने को नोट छापने की मशीन उलाणा में मामा के घर रखकर गया, फुलेरा पुलिस ने दबोचा

नकली नोटों के साथ नोट छापने की मशीन के साथ फुलेरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को तीन आरोपियों की गिरफ्तारी बताई है। इनमें एक आरोपी नावां थाना इलाके के उलाणा गांव का रहने वाला है, जिसके घर से पुलिस ने नोट छापने की मशीन को जब्त किया है।

उलाणा के आरोपी को फुलेरा पुलिस ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 56230 रुपए के नकली नोट तथा नकली नोट छापने की एक मशीन भी जब्त हुई है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त कट्टा क्लासिक एक वाहन भी जब्त किया है। इधर, इस पूरे घटनाक्रम से नावां थाना पुलिस अनभिज्ञ है।

इससे अलर्ट के बावजूद इलाके में नावां थाना पुलिस की अप्रभावी गश्त की भी पोल खुलकर सामने आ गई है। क्योंकि आरोपी रात में ही मशीन लेकर आए थे और रात में ही इलाके से गुजरे। बावजूद थाना पुलिस को इसकी खबर तक नहीं लगी। जबकि जायल इलाके में लूट के चलते एसपी ने जिलेभर में अलर्ट घोषित कर रखा है। फिर भी थाना पुलिस की ओर से इस तरह की लापरवाही बरतना काफी गंभीर विषय है। वारदात में प्रयुक्त वाहन भी जब्त है।

**शातिर इतने कि वाहन में ही छाप लेते थे नकली नोट, नावां पुलिस को मामले की भनक तक नहीं**

जयपुर ग्रामीण एसपी शंकर दत्त शर्मा ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नकली नोट छापकर बाजार में चलाने का कार्य करते हैं। आरोपी इतने शातिर हैं कि गाड़ी में ही नोट छापने की पूरी सामग्री रखते हैं। इसमें नोट छापने का प्रिंटर, कागज तथा नोट काटने की कैंचियां भी बरामद हुई हैं। तलाशी में गाड़ी से सीटों के पीछे बने थैले से 10, 20, 50, 100, 200, 500 के नकली नोट मिले हैं।

जिनको पुलिस ने जब्त कर लिया है। 10 रुपए के एक ही नंबर के 5 नकली नोट बरामद हुए हैं। वहीं 20 रुपए के दो नंबरों के 9 नकली नोट मिले हैं। 50 रुपए के एक ही नंबर के 40 नोट, 100 रुपए के एक ही नंबर के 380 नकली नोट, 200 रुपए के दो नंबरों के 70 नकली नोट, 500 रुपए के तीन नंबरों के चार नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपियों से कुल 56230 रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं।

**हमको नहीं पता वह यहां रखकर गया था**

उलाणा निवासी नारायण सिंह ने बताया कि उसके घर पर रात बारह-एक बजे भांजा भगवानपुरा निवासी रौनक पुत्र हरी सिंह जीप लेकर आया। उसने बाहर से ही बेटे तेजू सिंह को बुलाया। इसके बाद वह उसको एक मशीन देकर गया और कहा इसे वह बाद में ले जाएगा। साथ ही कहा कि जायल इलाके में हुई लूट की वजह से सभी जगह पुलिस की गश्त है।

यह कहते हुए वह वहां से चला गया। नारायण सिंह ने बताया कि इस घटनाक्रम के बाद अगले दिन शुक्रवार सुबह 6 बजे पुलिस के तीन वाहन आए। इनमें पुलिस के दस-बारह कार्मिक थे। इन पुलिस कर्मियों ने करीब एक घंटे तक घर में कार्रवाई की और तेजू सिंह को अपने साथ ले गए।

**पूछताछ में यह बात आई सामने**

फुलेरा थाना प्रभारी भजनाराम ने बताया कि फुलेरा में गश्त के दौरान रोका और पूछताछ की तो आरोपी किसी भी बात का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। तलाशी ली तो जेब में रुपए रखे थे तो प्रारंभिक रूप से नकली प्रतीत हुए। रौनक से विस्तृत पूछताछ की तो वह फूट पड़ा और मशीन के बारे में पुलिस को पूरा सच बता दिया।

इसके बाद पुलिस ने यहां उलाणा में दबिश देकर उक्त मशीन को जब्त किया और अपने साथ लेकर गई। पुलिस ने भगवानपुरा निवासी रौनक उर्फ छोटू सिंह, नावां थाना इलाके के उलाणा निवासी जीतेन्द्र सिंह उर्फ तेजू सिंह पुत्र नारायण सिंह तथा पालड़ी लूणियावास निवासी विजेंद्र सिंह उर्फ लाला पुत्र शैतान सिंह को गिरफ्तार किया है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/nagaur/news/three-arrested-with-fake-notes-and-printing-machine-of-56-thousand-used-to-print-notes-in-the-moving-vehicle-128026856.html